दिल्ली-अहमदाबाद जनता एक्सप्रेस गाड़ी के तीसरे दर्जे के डिब्बे में चांदी की चोरी

551. श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री जगन्नाथ राव जोशी :
श्री राम सिंह अग्रवाल :

क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 3 अप्रैल, 1967 अथवा उसके आसपास दिल्ली जंकशन पर अहमदाबाद जनता एक्सप्रेस गाड़ी के तीसरे दर्जे के डिब्बे से 17 किलोग्राम चांदी चोरी हो गई थी;

(ख) यदि हां, तो यह चांदी कहां से लाई गई थी; और

(ग) इस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की गई है ?

रेलवे मंत्री (श्री के० मु० पुनाचा) : (क) और (ख). जी हां, वारदात 1-4-1967 को हुई। पुलिस की रिपोर्ट यह है कि जिस व्यक्ति ने शिकायत की है वह दिल्ली में चांदनी चौक स्थित अपनी दुकान से चांदी अजमेर ले जाने के लिये लाया था।

(ग) दिल्ली की सरकारी रेलवे पुलिस ने भारतीय दण्ड संहिता की धारा 379 के अधीन मामला दर्ज कर लिया है और तेजी के साथ छानबीन की जा रही है।

उपसवाई तथा सिरसापल्ली स्टेशनों के बीच मालगाड़ी की दुर्घटना

552. श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री राम सिंह अग्रवाल :

क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 13 दिसम्बर, 1966 के 'हिन्दुस्तान' समाचार पत्र में प्रकाशित हुए समाचार के अनुसार दक्षिण मध्य रेलवे (मीटर गेज) पर उपसवाई तथा सिरसापल्ली स्टेशनों के बीच एक मालगाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी;

(ख) यदि हां, तो दुर्घटना के कारण क्या थे; और

(ग) इस मामले में क्या कार्यवाही की गई है ?

रेलवे मंत्री (श्री के० मु० पुनाचा) : (क) जी हां। दुर्घटना 11-12-66 को हुई थी।

(ख) दुर्घटना एक माल डिब्बे में असन्तुलित लदान के कारण हुई थी।

(ग) जो कर्मचारी इसके लिये जिम्मेदार पाये गये उनके विरुद्ध उपयुक्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा रही है।

वातानुकूलित रेलगाड़ियां

553. श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री राम सिंह अग्रवाल :

क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1 अप्रैल, 1967 से कितनी वातानुकूलित रेलगाड़ियां चलाई गई;

(ख) इससे सरकार को कितनी आय होने की संभावना है; और

(ग) इसके परिणामस्वरूप कितने लोगों को लाभ पहुंचेगा ?

रेलवे मंत्री (श्री के० मु० पुनाचा) : (क) 1-4-1967 से बम्बई-मद्रास, मद्रास-हावड़ा और हावड़ा-बम्बई (नागपुर के रास्ते) मार्गों पर एक-एक साप्ताहिक वातानुकूल एक्सप्रेस गाड़ी शुरू की गयी है और नयी दिल्ली अमृतसर के बीच सप्ताह में दो बार चलने वाली वातानुकूल गाड़ी को सप्ताह में तीन बार कर दिया गया है।